CAREERINDIA

# PAPER-II
# COMPARATIVE STUDY OF RELIGIONS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________

(In words)

D 6 2 1 4

Time : **1 ¼** hours]    [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**    Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.careerindia.com

### COMPARATIVE STUDY OF RELIGIONS
### Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Match the following and identify the correct codes :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Animism | a. | Sigmund Freud |
| ii. | Magic | b. | Emile Durkheim |
| iii. | Taboo | c. | J.G. Frazer |
| iv. | Totem | d. | E.B. Tylor |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | a | b |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | d | c | b | a |
| (D) | b | a | d | c |

**2.** Which of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Judaism – Old Testament

(B) Christianity – New Testament

(C) Islam – Quran

(D) Jainism – Tripitaka

**3.** Match the following and identify the correct codes :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Christianity | a. | Prophet Muhammad |
| ii. | Islam | b. | Jesus Christ |
| iii. | Buddhism | c. | Lord Buddha |
| iv. | Sikhism | d. | Guru Nanak |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | d |
| (B) | c | a | b | d |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | a | c | d | b |

**4.** Interfaith dialogue means

(A) Preaching a religion

(B) Religious conversions

(C) Religious conflict

(D) Developing mutual understanding

CAREERINDIA

# धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और सही कूट पहचानिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | जीवात्मावाद | a. | सिगमण्ड फ्रायड |
| ii. | जादू | b. | इमाइल दुर्खीम |
| iii. | टैबू | c. | जे.जी. फ्रेज़र |
| iv. | टोटम | d. | ई.बी. टाइलर |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | c | a | b |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | d | c | b | a |
| (D) | b | a | d | c |

**2.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) यहूदीमत – पुराना अहदनामा

(B) ईसाईमत – नया अहदनामा

(C) इस्लाम – कुरान

(D) जैनमत – त्रिपिटक

**3.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और सही कूट पहचानिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | ईसाईमत | a. | पैगंबर मुहम्मद |
| ii. | इस्लाम | b. | ईसा मसीह |
| iii. | बुद्धमत | c. | महात्मा बुद्ध |
| iv. | सिखमत | d. | गुरु नानक |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | d |
| (B) | c | a | b | d |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | a | c | d | b |

**4.** अंतरधर्म संवाद का अर्थ है

(A) धर्म का प्रचार

(B) धर्म परिवर्तन

(C) धार्मिक टकराव

(D) परस्पर समझ विकसित करना

5. Religious pluralism is a feature of
   (A) Tribal society (B) Agrarian society
   (C) Modern society (D) Primitive society

6. Which religion believes in Gods and Godesses ?
   (A) Christianity (B) Islam
   (C) Hinduism (D) Sikhism

7. Idol worship is not a part of
   (A) Hinduism (B) Sikhism
   (C) Buddhism (D) Jainism

8. Mysticism is a
   (A) Religious dogma (B) Rational experience
   (C) Physical experience (D) Spiritual experience

9. The number of Veda Saṁhitas are
   (A) three (B) four
   (C) five (D) six

10. These scriptures are also called Shrutis :
   (A) Philosophical texts (B) Aranyakas
   (C) Upanishads (D) Vedas

11. Tandya Mahabrahman is related to
   (A) Samveda (B) Rigveda
   (C) Yajurveda (D) Atharvaveda

12. Yam and Niyam are parts of
   (A) Creation process (B) Aacharang
   (C) Satkarya Vada (D) Ashtang Yog

13. Ramayan and Mahabharat are recognized as
   (A) Religious scriptures (B) Novels
   (C) Poetics (Texts) (D) Epics (Historical)

CAREERINDIA

**5.** धार्मिक बहुलतावाद निम्नलिखित की विशेषता है :

(A) कबाइली समाज
(B) कृषक समाज
(C) आधुनिक समाज
(D) आदिम समाज

**6.** कौन सा धर्म देवी और देवताओं में विश्वास करता है ?

(A) ईसाईमत
(B) इस्लाम
(C) हिंदूमत
(D) सिखमत

**7.** मूर्तिपूजा निम्नलिखित में से किस धर्म में नहीं की जाती है ?

(A) हिंदूमत
(B) सिखमत
(C) बुद्धमत
(D) जैनमत

**8.** रहस्यवाद है

(A) धार्मिक हठमत
(B) तार्किक अनुभव
(C) शारीरिक अनुभव
(D) आध्यात्मिक अनुभव

**9.** वेद संहिताओं की संख्या हैं

(A) तीन
(B) चार
(C) पाँच
(D) छह

**10.** इन ग्रन्थों को श्रुति भी कहा जाता है :

(A) दर्शन ग्रन्थ
(B) आरण्यक
(C) उपनिषद्
(D) वेद

**11.** ताण्ड्य महाब्राह्मण का सम्बन्ध है इससे :

(A) सामवेद
(B) ऋग्वेद
(C) यजुर्वेद
(D) अथर्ववेद

**12.** यम एवं नियम अङ्ग हैं इसके

(A) सृष्टि प्रक्रिया
(B) आचाराङ्ग
(C) सत्कार्यवाद
(D) अष्टाङ्गयोग

**13.** रामायण और महाभारत माने जाते हैं

(A) धार्मिक ग्रन्थ
(B) उपन्यास
(C) काव्यशास्त्र (ग्रन्थ)
(D) ऐतिहासिक महाकाव्य

**14.** Which one of the following is correctly matched ?

(A) Brahma Sutra – Kabir

(B) Sur Sagar – Rahim

(C) Ramcharitmanas – Tulasidas

(D) Shakuntalam – Bharavi

**15.** The movement to abolish the custom of Sati was started by

(A) Dayanand Saraswati (B) Satyavrat Samashrami

(C) Ishwarchand Vidyasagar (D) Raja Ram Mohan Roy

**16.** The birth place of Lord Mahāvīra is

(A) Ayodhyā (B) Kāshī

(C) Kuṇḍagrāma (D) Girinār

**17.** Ācārya Haribhadrasūri belongs to this period :

(A) 8th century A.D. (B) 3rd century A.D.

(C) 6th century A.D. (D) 9th century A.D.

**18.** This is included in the six substances of Jainism :

(A) Saṁvara (B) Asteya

(C) Adharma (D) Āhāra

**19.** **Assertion (A)** : All tīrthaṁkaras of Jainism are omniscient.

**Reason (R)** : All tīrthaṁkaras attained the supreme knowledge.

Select the correct answer from codes.

(A) Both (A) and (R) are correct.

(B) (A) is false and (R) is correct.

(C) (A) is correct and (R) is false.

(D) Both (A) and (R) are false.

**20.** The meaning of 'Aparigraha' in Jainism is

(A) Non-Absolutism (B) Not telling lies

(C) Not killing (D) Non-attachment

**21.** The Jaina images of Mathura generally belong to the period of

(A) 4th century A.D. (B) 1st century A.D.

(C) 5th century A.D. (D) 3rd century A.D.

CAREERINDIA

**14.** निम्नांकित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(A) ब्रह्मसूत्र – कबीर

(B) सूरसागर – रहीम

(C) रामचरितमानस – तुलसीदास

(D) शाकुन्तलम् – भारवि

**15.** सती प्रथा के उन्मूलन के आन्दोलन को चलाया था इन्होंने

(A) दयानन्द सरस्वती
(B) सत्यव्रत सामश्रमी
(C) ईश्वरचन्द विद्यासागर
(D) राजा राम मोहन राय

**16.** भगवान महावीर का जन्म स्थान है

(A) अयोध्या
(B) काशी
(C) कुण्डग्राम
(D) गिरिनार

**17.** आचार्य हरिभद्रसूरि इस शताब्दी के विद्वान थे :

(A) ईसा की आठवीं शताब्दी
(B) ईसा की तृतीय शताब्दी
(C) ईसा की छठी शताब्दी
(D) ईसा की नौवीं शताब्दी

**18.** जैनधर्म के छह द्रव्यों में यह सम्मिलित है :

(A) संवर
(B) अस्तेय
(C) अधर्म
(D) आहार

**19.** **कथन (A)** : जैन धर्म के सभी तीर्थंकर सर्वज्ञ होते हैं ।

**कारण (R)** : सभी तीर्थंकर कैवल्य ज्ञान प्राप्त करते हैं ।

कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं ।

(B) (A) गलत है और (R) सही है ।

(C) (A) सही है और (R) गलत है ।

(D) दोनों (A) और (R) गलत हैं ।

**20.** जैन धर्म में 'अपरिग्रह' का अर्थ है

(A) एकपक्षीय दृष्टिकोण नहीं रखना ।
(B) झूठ नहीं बोलना ।
(C) हिंसा नहीं करना ।
(D) संग्रह नहीं करना ।

**21.** मथुरा की जैन मूर्तियों का सामान्यतया यह समय है :

(A) ईसा की चतुर्थ शताब्दी
(B) ईसा की प्रथम शताब्दी
(C) ईसा की पाँचवीं शताब्दी
(D) ईसा की तृतीय शताब्दी

22. The main trend of contemporary development in Jaina Saṁgha is
(A) The popularity of dowry in Jain Society
(B) Scientific study of Jaina principles
(C) The introduction of the new group of Samaṇas and Samaṇīs in Terapanth sect.
(D) Establishing educational institutions in Jain society

23. Siddhartha (Gautama Buddha) renounced his household at the age of
(A) 30 (thirty) (B) 29 (twenty nine)
(C) 28 (twenty eight) (D) 27 (twenty seven)

24. The number of years that the Buddha spent on propagation of the tenets of his faith is
(A) 50 (fifty) (B) 45 (forty five)
(C) 40 (forty) (D) 35 (thirty five)

25. The 'Bodhisattva' in Buddhism is considered as
(A) A Past Buddha (B) A Future Buddha
(C) A Buddha in making (D) A Devadūta (a divine messenger)

26. The fifth constituent of the Aṣṭaṅgika Mārga (Aṭṭhaṅgika Magga) happens to be
(A) Sammā Sankappo (Samyak Sankalpa)
(B) Sammā Ājīvo (Samyak Ājīva)
(C) Sammā Sati (Samyak Smṛti)
(D) Sammā Samādhi (Samyak Samādhi)

27. The Milinda Pañho as a Buddhist text belongs to
(A) Theravāda (B) Sarvāstivāda
(C) Vaibhāṣika (D) Sautrāntika

28. The name of the Saint whose words are compiled in the Dhammapada, is
(A) Bhagavān Mahāvīra (B) Bhagavān Buddha
(C) Āchārya Makkhali Gosāla (D) Āchārya Ajita Kesakaṁbala

29. The name of the sect of Buddhism which was patronised by King Kaniska, was
(A) Theravāda (B) Mahāsāṅghika
(C) Lokottaravāda (D) Sarvāstivāda

30. Among the following the one who did not oppose the Mission of Jesus Christ was
(A) Gentiles (B) Sadducces
(C) Pharisees (D) Zealats

**22.** जैन संघ में समसामयिक विकास की यह प्रमुख प्रवृत्ति है

(A) जैन समाज में दहेज प्रथा का प्रचलन

(B) जैन सिद्धान्तों का वैज्ञानिक अध्ययन

(C) तेरापन्थ सम्प्रदाय में समण और समणी के नए समूह का प्रारम्भ

(D) जैन समाज में शिक्षण संस्थाओं की स्थापना

**23.** सिद्धार्थ (गौतम बुद्ध) ने जिस आयु में घर-बार (संन्यास के लिये) छोड़ा, वह था

(A) 30 (तीस)
(B) 29 (उनतीस)
(C) 28 (अट्ठाईस)
(D) 27 (सत्ताईस)

**24.** अपने धर्म के सिद्धान्तों के प्रसार में बुद्ध ने जितने वर्ष बिताये, उनकी संख्या थी

(A) 50 (पचास)
(B) 45 (पैंतालीस)
(C) 40 (चालीस)
(D) 35 (पैंतीस)

**25.** बौद्ध धर्म में 'बोधिसत्त्व' से तात्पर्य है

(A) एक अतीत बुद्ध
(B) एक अनागत (भविष्यत्) बुद्ध
(C) एक बुद्ध जो बनने की प्रक्रिया में हैं ।
(D) एक देवदूत (दिव्य संदेशवाहक)

**26.** अष्टांगिक मार्ग (अट्ठंगिक मग्ग) का पाँचवाँ अंग हैं

(A) सम्मा संकप्पो (सम्यक् संकल्प)
(B) सम्मा आजीवो (सम्यक् आजीव)
(C) सम्मा सति (सम्यक् स्मृति)
(D) सम्मा समाधि (सम्यक् समाधि)

**27.** बौद्ध ग्रंथ के रूप में मिलिन्द पञ्हो जिस संप्रदाय से संबन्धित था, उसका नाम है

(A) थेरवाद
(B) सर्वास्तिवाद
(C) वैभाषिक
(D) सौत्रान्तिक

**28.** धम्मपद में जिस सन्त के वचन संकलित किये गये हैं, उनका नाम है

(A) भगवान् महावीर
(B) भगवान् बुद्ध
(C) आचार्य मक्खलि गोसाल
(D) आचार्य अजित केसकंबल

**29.** जिस बौद्ध संप्रदाय को राजा कनिष्क ने संरक्षण दिया, उसका नाम था

(A) थेरवाद
(B) महासांघिक
(C) लोकोत्तरवाद
(D) सर्वास्तिवाद

**30.** निम्नलिखित में से जिसने ईसा मसीह के मिशन का विरोध नहीं किया, वह था :

(A) जेनटाइल
(B) सदुकी
(C) फरीसी
(D) जल्अट

CAREERINDIA

**31.** The Gospels which describe that Jesus Christ was the son of Virgin Mary, is
(A) Gospel of Mark (B) Gospel of Luke
(C) Gospel of John (D) Gospel of Mathew

**32.** New Testament got canonical status in
(A) 80 A.D. (B) 90 A.D.
(C) 170 A.D. (D) 367 A.D.

**33.** The one who is considered the first theologian of Christianity is
(A) St. Peter (B) St. Paul
(C) St. Francis (D) St. Augustine

**34.** Christianity does not believe in
(A) Trinity (B) Rebirth
(C) Resurrection (D) Original sin

**35.** Identify the correct match from the following lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| i. Augustine of Hippo | a. Ninety five Theses |
| ii. St. John | b. City of God |
| iii. Ignatius Loyala | c. The Book of Revelation |
| iv. Martin Luther | d. Spiritual Exercises |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**36.** Advent of Christianity in India is associated with
(A) St. Thomas (B) St. Francis
(C) Bishop Athanasius (D) St. Peter

**37.** From amongst the following the correctly matched is
(A) Jafar ibn Abi Talib – Bani Abd-Shams
(B) Abu Ubaida – Bani Umayya
(C) Muhammad – Bani Hashim
(D) Khalid ibn Sa'eed – Bani Harith

CAREERINDIA

**31.** निम्नलिखित में से जिस गोस्पल ने इस बात का उल्लेख किया है कि ईसा मसीह कुंवारी मैरी के पुत्र थे, वह है :

(A) मार्क का गोस्पल
(B) ल्यूक का गोस्पल
(C) जॉन का गोस्पल
(D) मैथ्यू का गोस्पल

**32.** नये अहदनामे (न्यू टेस्टामेन्ट) को धर्मग्रंथ के रूप में स्वीकृति इस ईसवी में दी गई

(A) 80 ई.
(B) 90 ई.
(C) 170 ई.
(D) 367 ई.

**33.** निम्नलिखित में से जिसे ईसाईमत का पहला धर्ममीमांसक माना जाता है, वह है :

(A) सेंट पीटर
(B) सेंट पॉल
(C) सेंट फ्रैंसिस
(D) सेंट ऑगस्टाइन

**34.** ईसाईमत निम्नलिखित में से इस पर विश्वास नहीं करता है

(A) त्रयी (तीन का समूह)
(B) पुनर्जन्म
(C) पुनर्जीवन
(D) मूल पाप

**35.** निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कर चिह्नित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| i. हिप्पो का ऑगस्टाइन | a. पँचानबें निबंध |
| ii. सेंट जॉन | b. सिटी ऑफ गॉड |
| iii. इग्नैटियस लोयेला | c. द बुक ऑफ रेवेलेशन |
| iv. मार्टिन लूथर | d. आध्यात्मिक व्यवहार |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**36.** भारत में ईसाईमत का आगमन निम्नलिखित में से इनसे जुड़ा हुआ है :

(A) सेंट थॉमस
(B) सेंट फ्रैंसिस
(C) बिशप अथनेसियस
(D) सेंट पीटर

**37.** निम्नलिखित में से यह सुमेलित है :

(A) जाफर इब्न अबी तालिब – बनी अब्द शम्स
(B) अबू उबैदा – बनी उमय्या
(C) मुहम्मद – बनी हाशिम
(D) खालिद इब्न सईद – बनी हारिस

dia.co

CAREERINDIA

**38.** The Makkan Muslims first migrated to

(A) Cairo
(B) Habsha
(C) Kufa
(D) Damascus

**39.** The Hajj worship is performed during the dates known as

(A) 1st to 10th of Dhul-Hajj
(B) 14th to 19th of Dhul-Hajj
(C) 6th to 8th of Dhul-Hajj
(D) 8th to 13th Dhul-Hajj

**40.** The Prophet Muhammad migrated from Makkah to Madina in the year

(A) 620 A.D.
(B) 622 A.D.
(C) 624 A.D.
(D) 626 A.D.

**41.** Arrange the following events in order in which they took place. Use the code given below :

i. Hudaybiya Treaty
ii. Battle of Badr
iii. Farewell Pilgrimage
iv. Conquest of Makkah

**Codes :**

(A) ii, i, iv, iii
(B) i, iii, ii, iv
(C) ii, iv, i, iii
(D) iii, ii, i, iv

**42.** The tomb of Abdul Qadir Jilani is situated at

(A) Damascus
(B) Herat
(C) Baghdad
(D) Cairo

**43.** Arrange the following Caliphs in order in which they ruled. Use the code given below :

i. Ali
ii. Umar
iii. Abu Bakr
iv. Uthman

**Codes :**

(A) i, ii, iv, iii
(B) iii, ii, iv, i
(C) iii, iv, ii, i
(D) ii, iii, i, iv

**44.** Sikhism has its origin in

(A) Synthesis of Hinduism and Islam
(B) Saint Tradition
(C) Religious Experience of Guru Nanak
(D) Creation of Khalsa

**38.** मक्का के मुसलमानों ने पहले यहाँ प्रवसन (हिजरत) किया

(A) काहिरा (B) हबशा

(C) कूफा (D) दमिस्क

**39.** हज इबादत निम्नलिखित में से इन दिनों में की जाती है :

(A) 1 से 10 ज़ुल हज्ज (B) 14 से 19 ज़ुल हज्ज

(C) 6 से 8 ज़ुल हज्ज (D) 8 से 13 ज़ुल हज्ज

**40.** पैगंबर मुहम्मद ने निम्नलिखित में से इस वर्ष में मक्का से मदीना प्रवसन (हिजरत) किया :

(A) 620 ई. (B) 622 ई.

(C) 624 ई. (D) 626 ई.

**41.** निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटित होने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट का उपयोग कीजिए :

i. हुदैरिया संधि ii. बद्र की लड़ाई

iii. हज्जतुलविदा iv. मक्का की फ़तह

**कूट** :

(A) ii, i, iv, iii

(B) i, iii, ii, iv

(C) ii, iv, i, iii

(D) iii, ii, i, iv

**42.** अब्दुल क़ादिर जीलानी का मक़बरा निम्नलिखित में से यहाँ स्थित है :

(A) दमिस्क (B) हिरात

(C) बगदाद (D) क़ाहिरा

**43.** निम्नलिखित खुलफ़ा को उनके शासन-काल के क्रम में व्यवस्थित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट का उपयोग कीजिए :

i. अली ii. उमर

iii. अबू बक्र iv. उस्मान

**कूट** :

(A) i, ii, iv, iii

(B) iii, ii, iv, i

(C) iii, iv, ii, i

(D) ii, iii, i, iv

**44.** सिखमत की उत्पत्ति इनमें से किसी एक से हुई है :

(A) हिन्दूधर्म एवं इस्लाम का सुमेल (B) सन्त परम्परा

(C) गुरु नानक का धार्मिक अनुभव (D) खालसा की साजना

CAREERINDIA

**45.** Mission of Guru Gobind Singh was concerned with
(A) Opposition of the Muslims
(B) Protection of the Hindus
(C) Vengeance upon the Mughal rulers
(D) Struggle against the evil

**46.** Salient features of Sikhism are
i. Belief in Sacrifices
ii. Belief in oneness of God.
iii. Miri-Piri
iv. Ten Gurus One Spirit
Identify the correct answer.
**Codes :**
(A) i, ii and iii are correct. (B) i, iii and iv are correct.
(C) ii, iii and iv are correct. (D) i, ii and iv are correct.

**47.** Personal Guruship in Sikhism was abolished by
(A) Guru Gobind Singh (B) Banda Singh Bahadur
(C) Singh Sabha (D) Maharaja Ranjit Singh

**48.** The Sikh world view does not include
(A) Social order (B) Polity
(C) Economy (D) Fatalism

**49.** Identify the correct match from the following units :

| **Unit – I** | **Unit – II** |
|---|---|
| i. Kahn Singh Nabha | a. Sachi Sakhi |
| ii. Bhai Jodh Singh | b. Hum Hindu Nahi Hain |
| iii. Prof. Puran Singh | c. Gurmat Nirnay |
| iv. Kapur Singh | d. Spirit born people |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**50.** Identify the incorrect statement.
(A) Sikhism encourages pessimism.
(B) Sikhism stands for congregational life.
(C) Sikhism advocates social justice.
(D) Sikhism desires eradication of evil.

**45.** गुरु गोविन्द सिंह के मिशन का सम्बन्ध इससे था :

(A) मुसलमानों का विरोध
(B) हिन्दुओं का संरक्षण
(C) मुगल शासकों से बदला
(D) बुराई के विरुद्ध संघर्ष

**46.** सिखधर्म के प्रमुख लक्षण हैं

i. बलि में विश्वास
ii. एक ईश्वरवाद में विश्वास
iii. मिरि-पीरी
iv. दस गुरु एक जोत

सही उत्तर की पहचान करें ।

**कूट** :

(A) i, ii और iii सही हैं ।
(B) i, iii और iv सही हैं ।
(C) ii, iii और iv सही हैं ।
(D) i, ii और iv सही हैं ।

**47.** सिक्ख धर्म में व्यक्तिगत गुरु परम्परा की समाप्ति इनके द्वारा हुई :

(A) गुरु गोविन्द सिंह
(B) बन्दा सिंह बहादुर
(C) सिंह सभा
(D) महाराजा रणजीत सिंह

**48.** सिख धर्म की विश्व-दृष्टि में यह सम्मिलित नहीं है :

(A) सामाजिक व्यवस्था
(B) राजनीति
(C) अर्थनीति
(D) भाग्यवाद

**49.** यूनिट – I एवं यूनिट – II की मदों का मिलान करें और सही कूट के उत्तर को पहचानें :

| **यूनिट – I** | **यूनिट – II** |
|---|---|
| i. काह्न सिंह नाभा | a. साची साखी |
| ii. भाई जोध सिंह | b. हम हिन्दू नहीं है । |
| iii. प्रो. पूरन सिंह | c. गुरुमत निर्णय |
| iv. कपूर सिंह | d. स्प्रिट बॉर्न पीपॅल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**50.** असत्य कथन को पहचानिये ।

(A) सिखधर्म निराशावाद को प्रोत्साहित करता है ।
(B) सिखधर्म सामूहिक जीवन का समर्थक है ।
(C) सिखधर्म सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है ।
(D) सिखधर्म बुराई की समाप्ति चाहता है ।

CAREERINDIA

**Space For Rough Work**

www.careerindia.com